# दूसरा भारत-कैरकिॉम शखिर सम्मेलन

## प्रलिमि्स के लयि:

भारत-कैरकिॉम, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, मशिन लाइफ, डजिटिल सार्वजनकि अवसंरचना, जन औषधि केंद्र, लघु द्वीपीय वकिासशील देश (SIDS), कैरेबयिन सागर, संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA), दक्षणि-दक्षणि सहयोग के लयि भारत-संयुक्त राष्ट्र साझेदारी कोष, 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रडि' (OSOWOG), राष्ट्रीय डजिटिल स्वास्थ्य मशिन (NDHM)।

## मेन्स के लयि:

भारत-कैरकिॉम संबंधों को मजबूत करना और इसका महत्त्व।

**स्रोत: पी.आई.बी**

## चर्चा में क्यों?

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और ग्रेनाडा के प्रधानमंत्री, जो वर्तमान में कैरीकॉम के अध्यक्ष हैं, ने **जॉर्जटाउन, गुयाना में दूसरे भारत-कैरकिॉम शखिर सम्मेलन** की अध्यक्षता की।

- पहला **भारत-कैरकिॉम शखिर सम्मेलन 2019 में न्यूयॉर्क में** आयोजति कयिा गया था।

## दूसरे भारत-कैरकिॉम शखिर सम्मेलन की वशिषताएँ क्या हैं?

- **सहयोग के 7 स्तंभ:** भारत के प्रधानमंत्री ने भारत और **'कैरकिॉम'** के बीच **संबंधों को मज़बूत करने** के लयि **सात प्रमुख स्तंभों का प्रस्ताव रखा।** ये स्तंभ हैं:
  - **C: क्षमता नरि्माण: भारत** ने अगले पाँच वर्षों में कैरकिॉम देशों के लयि अतरिकि्त **1000 ITEC (भारतीय तकनीकी और आर्थकि सहयोग)** स्लॉट की घोषणा की।
  - **A: कृषि और खाद्य सुरक्षा: भारत ने कृषि, वशिषकर ड्रोन,** डजिटिल कृषि और कृषि मशीनीकरण जैसी प्रौद्योगकिी के उपयोग में अपने अनुभव साझा कयि।
  - **R: नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु परविर्तन: भारत ने** अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन **और** मशिन LiFE जैसी वैश्वकि पहलों पर अधकि सहयोग का आह्वान कयिा।
  - **I: नवाचार, प्रौद्योगकिी और व्यापार:** प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनकि सेवा वतिरण में सुधार के लयि भारत के **डजिटिल सार्वजनकि बुनयिादी ढाँचे** और अन्य तकनीकी मॉडल की पेशकश की।
  - **C: क्रकिेट और संस्कृति:** भारत ने कैरीकॉम देशों में **"भारतीय संस्कृति दविस" आयोजति करने** और क्षेत्र की युवा महलिा क्रकिेटरों को **क्रकिेट प्रशक्षिण प्रदान** करने का प्रस्ताव रखा।
  - **O: महासागर अर्थव्यवस्था और समुद्री सुरक्षा:** भारत ने कैरेबयिन सागर में **समुद्री क्षेत्र मानचति्रण और जल वज्ञिान** पर सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की।
  - **M: चकित्सिा और स्वास्थ्य देखभाल:** भारत ने कफिायती स्वास्थ्य देखभाल के लयि अपना मॉडल पेश कयिा, **जसिमें** जन औषधि केंद्रों के माध्यम से जेनेरकि दवाओं का प्रावधान और स्वास्थ्य के लयि योग को बढ़ावा देना शामलि है।
- **जलवायु न्याय: कैरकिॉम नेताओं ने लघु द्वीपीय वकिासशील राज्यों (SIDS)** के लयि **जलवायु न्याय को** बढ़ावा देने में भारत के नेतृत्व की सराहना की।
  - SIDS वैश्वकि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के **1% से भी कम के लयि ज़मि्मेदार** हैं, लेकनि जलवायु परविर्तन के प्रभावों से सबसे अधकि प्रभावति हैं।
  - जलवायु न्याय का अर्थ है वभिनि्न समुदायों, वशिषकर **गरीब, हाशयि पर पड़े और कमज़ोर समूहों पर जलवायु परविर्तन के असमान और असंगत प्रभावों को** संबोधति करना है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुरस्कार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी यात्रा के दौरान **गुयाना और बारबाडोस के शीर्ष पुरस्कार** प्राप्त हुए।
    - गुयाना को **"ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस"** और बारबाडोस को **"ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम" से** सम्मानति किया गया।
- हाल ही में, **डोमिनिका** ने प्रधानमंत्री मोदी के लिये अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार, **"डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर"** की भी घोषणा की।
- प्रधानमंत्री मोदी के अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों की सूची में अब **19 प्रतष्ठिति सम्मान शामलि हो गए हैं।**
    - उल्लेखनीय पुरस्कारों में **रूस का "ऑर्डर ऑफ सेंट एँड्रयू द एपोस्टल"** और **अमेरिका का "लीज़न ऑफ मेरिट" शामलि** हैं।

## कैरेबियाई समुदाय (CARICOM) क्या है?

- **कैरीकॉम के बारे में:** कैरीकॉम 21 देशों का एक समूह है**: 15 सदस्य देश और 6 सहयोगी सदस्य** जिनमें द्वीपीय देश और सूरीनाम तथा गुयाना जैसे **मुख्य भूमि क्षेत्र** शामलि हैं।
    - कैरिकॉम की स्थापना **वर्ष 1973 में** चार संस्थापक सदस्यों - **बारबाडोस, गुयाना, जमैका और त्रिनिदाद और टोबैगो द्वारा चगुआरामस संधि** पर हस्ताक्षर के साथ हुई थी।

//




- **ववधिता: यह समुदाय अफ्रीकी, भारतीय, यूरोपीय, चीनी, पुर्तगाली और स्वदेशी** पृष्ठभूमि के लोगों से बना है।
    - **जनसंख्या:** वहाँ लगभग 16 मलियिन लोग रहते हैं और उनमें से 60% लोग 30 वर्ष से कम आयु के हैं।
    - **भाषाएँ:** यह क्षेत्र बहुभाषी है, जसिमें **अंग्रेज़ी मुख्य भाषा है,** इसके अलावा **फ्रेंच, डच** और वभिन्नि अफ्रीकी एवं एशियाई भाषाएँ भी बोली जाती हैं।
- **भौगोलकि वस्तिार:** सदस्य देश उत्तर में **बहामास से लेकर** दक्षणि में **सूरीनाम और गुयाना तक फैले हुए हैं, जसिसे यह आर्थकि एवं सामाजकि वकिास के वभिन्नि स्तरों वाला एक वशिाल एवं ववधि क्षेत्र बन गया है।**
    - वे मुख्यतः [कैरेबियन सागर](कैरेबियन सागर) **(अटलांटकि महासागर) में स्थति हैं।**

- **कैरिकॉम के एकीकरण के स्तंभ: कैरिकॉम का एकीकरण चार मुख्य स्तंभों** पर आधारित है, जो समुदाय के उद्देश्यों का मार्गदर्शन करते हैं:
    - **आर्थिक एकीकरण: व्यापार और उत्पादकता** के माध्यम से विकास एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना।
    - **विदेश नीति समन्वय:** अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में **एकीकृत आवाज** प्रस्तुत करना।
    - **मानव एवं सामाजिक विकास: स्वास्थ्य, शिक्षा और गरीबी** उन्मूलन पर ध्यान केंद्रित करना।
    - **सुरक्षा:** क्षेत्रीय **सुरक्षा, आपदा प्रतिक्रिया** और अपराध रोकथाम को मज़बूत करना।




## भारत-कैरिकॉम संबंध

- **नवंबर 2003** में एक कैरिकॉम प्रतिनिधिमंडल ने भारत का दौरा किया, जिसके परिणामस्वरूप एक **स्थायी संयुक्त आयोग** की स्थापना हुई।
    - जॉर्जटाउन (गुयाना की राजधानी) में भारत के उच्चायुक्त को **कैरीकॉम का राजदूत** भी नियुक्त किया गया है, जो क्षेत्रीय सहयोग के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- **भारत-कैरिकॉम विदेश मंत्रियों की पहली बैठक (2005)** ने **निकट सहयोग, विशेष रूप से व्यापार और कैरेबियाई विकास बैंक** के माध्यम से विकास परियोजनाओं जैसे क्षेत्रों में, के लिये आधार तैयार किया।
- **प्रथम भारत-कैरिकॉम संयुक्त आयोग (2015)** की बैठक जॉर्जटाउन में आयोजित की गई, जिसके परिणामस्वरूप भारत और कैरिकॉम देशों के बीच **व्यापारिक साझेदारी** को बढ़ावा मिला।
- **भारत-कैरिकॉम मंत्रिस्तरीय बैठकें** नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं, तथा [संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA)]() के दौरान उल्लेखनीय कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।
- **मानवीय सहायता: वर्ष 2017** में, कैरेबियन सागर में तूफान के बाद, भारत ने [दक्षिण-दक्षिण सहयोग के लिये भारत-संयुक्त राष्ट्र साझेदारी कोष]() के माध्यम से आपातकालीन सहायता और अतिरिक्त सहायता के रूप में **200,000 अमरीकी डालर** प्रदान किये।
- **भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन (2019) न्यूयॉर्क** में **संयुक्त राष्ट्र महासभा** के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें भारत ने **कैरिकॉम देशों** को समर्थन देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।
    - **14 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अनुदान:** सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिये।
    - **150 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ऋण सहायता:** विशेष रूप से सौर ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन परियोजनाओं के लिये।
    - **विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम:** कैरीकॉम देशों की आवश्यकताओं के अनुरूप भारत ने विशेष क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्रस्तुत किये।
- **भारत-कैरिकॉम टास्क फोर्स:** इसकी स्थापना चल रही पहलों को सुव्यवस्थित और उन्नत करके तथा भविष्य के लिये स्पष्ट रणनीतियाँ स्थापित करके **सहयोग को पुनर्जीवित** करने के लिये की गई थी।

## भारत और कैरिकॉम एक दूसरे के लिये क्यों महत्त्वपूर्ण हैं?

- **सामरिक विस्तार:** [लैटिन अमेरिका और कैरिबियन (LAC)]() क्षेत्र अपने **भू-राजनीतिक संबंधों** में विविधता ला रहा है तथा एशिया में नई साझेदारियाँ तलाश रहा है, जो इस **क्षेत्र** में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की **भारत की महत्वाकांक्षा** के अनुरूप है।

- **साझा जलवायु चिंताएँ:** भारत और कैरीकॉम को **जलवायु परिवर्तन** के प्रभावों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें **समुद्र का बढ़ता स्तर** और चरम मौसम शामिल हैं।
    - भारत के COP-26 प्रयास, शमन और अनुकूलन के लिये **जलवायु वित्त पोषण हेतु CARICOM के आह्वान के अनुरूप** हैं।
- **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA):** भारत द्वारा सह-स्थापित **ISA, कैरीकॉम देशों** को सौर ऊर्जा तैनाती बढ़ाने के लिये एक मंच प्रदान करता है।
    - इसके अतिरिक्त, [एक विश्व एक सूर्य एक ग्रिड (OWOSOG)](https://www.drishtiias.com) पहल एक **वैश्विक ग्रिड** बनाने के लिये एक अभिनव दृष्टिकोण है जो **महाद्वीपों के पार सौर ऊर्जा संचारित** कर सकता है।
- **डिजिटल स्वास्थ्य सहयोग:** [CoWin](https://www.drishtiias.com) **और** [राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (NDHM)](https://www.drishtiias.com) जैसी भारत की डिजिटल स्वास्थ्य प्रगति, कैरीकॉम में स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में सुधार के लिये एक मॉडल पेश करती है, विशेष रूप से **जलवायु-प्रेरित स्वास्थ्य खतरों के लिये।**
- **जैव ईंधन और ऊर्जा सहयोग:** जैव ईंधन अनुसंधान में ब्राज़ील के साथ भारत का सहयोग **कैरिकॉम देशों** तक बढ़ाया जा सकता है, जिससे संयुक्त ऊर्जा समाधान और जैव ईंधन उत्पादन के लिये एक मंच तैयार हो सकेगा।
- **मज़बूत साझेदारी:** भारत के प्रधानमंत्री की यात्रा और भारत के चल रहे विकास सहायताकार्यक्रम, जैसे कि **कैरीकॉम विकास कोष में 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान,** भविष्य के सहयोग के लिये एक मज़बूत आधारशिला रखते हैं।

## निष्कर्ष;

**दूसरे भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन** ने **द्विपक्षीय संबंधों** को गहरा करने में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया, जिसमें **नवीकरणीय ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य सेवा और आर्थिक विकास** जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह सहयोग साझा चुनौतियों, विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन और सतत् विकास को संबोधित करने के लिये विशाल अवसर प्रदान करता है, जिससे **कैरेबियाई क्षेत्र** में भारत की भूमिका बढ़ जाती है।

***???????? ?????? ????????:***

**प्रश्न:** भारत-कैरिकॉम संबंधों की वर्तमान स्थिति तथा व्यापार, जलवायु परिवर्तन और लोगों के बीच संबंधों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा करें?

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा के विगत वर्षों के प्रश्न

***??????????***

**प्रश्न: निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित है?**

**भौगोलिक लक्षण प्रदेश**

(a) एबिसिनी पठार : अरब
(b) एटलस पर्वत : उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका
(c) गुयाना उच्चभूमि : दक्षिण-पश्चिमी अफ्रीका
(d) ओकावांगो द्रोणी : पैटागोनिया

**उत्तर: B**

---

***??????***

**प्रश्न: भारत से अन्य उपनिवेशों में ब्रिटिशों द्वारा गिरमिटिया मज़दूरों को क्यों ले जाया गया? क्या वे वहाँ अपनी सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित कर पाए? (2018)**

**प्रश्न: दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों की अर्थव्यवस्था एवं समाज में भारतीय प्रवासियों को एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी है। इस संदर्भ में, दक्षिण-पूर्व एशिया में भारतीय प्रवासियों की भूमिका का मूल्यनिरूपण कीजिए। (2017)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/2nd-india-caricom-summit